प्रसार भारती

आकाशवाणी शिमला

28.04.2026 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे

राष्ट्रपति

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू इन दिनों हिमाचल प्रदेश के पाँच दिवसीय ग्रीष्मकालीन प्रवास पर हैं। वे छराबड़ा स्थित सरकारी आवास रिट्रीट में ठहरी हैं। राष्ट्रपति आज लोक भवन में राज्यपाल द्वारा आयोजित रात्रि भोज में शामिल होंगी। उनका कल अटल टनल रोहतांग का दौरा करने का कार्यक्रम है। राष्ट्रपति के दौरे को लेकर लाहौल स्पिति जिला प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतज़ाम किए हैं। प्रशासन के अनुसार, 29 अप्रैल को सुबह 7 बजे से दोपहर एक बजे तक अटल टनल के नॉर्थ पोर्टल से सिस्सू तक का पूरा मार्ग पूरी तरह बंद रहेगा। इस दौरान सभी प्रकार के वाहनों और पैदल आवाजाही पर प्रतिबंध रहेगा। केवल वही वाहन और अधिकारी इस मार्ग से गुजर सकेंगे, जिनके पास प्रशासन द्वारा जारी वैध पास होगा। राष्ट्रपति 30 अप्रैल को कांगड़ा जिला के पालमपुर स्थित चौधरी सरवन कुमार कृषि विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगी। इस दौरान प्रशासन ने 30 अप्रैल को प्रातः 8 बजे से दोपहर एक बजे तक पालमपुर और बैजनाथ उपमंडलों में सभी प्रकार की एयरो स्पोर्ट्स व हवाई गतिविधियों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया है।

राजनाथ– एससीओ बैठक

केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद से निपटने के लिए एकजुट होकर काम करने का आह्वान किया। किर्गिस्तान के बिश्केक में आयोजित सीमा पार आतंकवाद परिषद–एससीओ के रक्षा मंत्रियों की बैठक में उन्होंने आतंकवाद के सुरक्षित ठिकानों को समाप्त करने और किसी भी राजनीतिक अपवाद को खारिज करने की बात कही। राजनाथ सिंह ने कहा कि किसी भी देश द्वारा प्रायोजित सीमा पार आतंकवाद, जो किसी राष्ट्र की संप्रभुता पर हमला करता है, को नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि दोहरे मापदंड के लिए कोई स्थान नहीं है। पहलगाम में हुए जघन्य आतंकवादी हमले के पीड़ितों को याद करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने अपना दृढ़ संकल्प प्रदर्शित किया कि आतंकवाद के गढ़ अब न्यायोचित दंड से अछूते नहीं रहेंगे।

मांडविया – महिलाएं

केन्द्रीय श्रम और रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा है कि कार्यबल में महिलाओं की समान भागीदारी सामाजिक अनिवार्यता और आर्थिक आवश्यकता दोनों है। उन्होंने कहा कि महिलाओं का सशक्तिकरण विकसित भारत के निर्माण का केंद्र बिंदु है। आज नई दिल्ली में एक कार्यक्रम में डॉक्टर

मांडविया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नए श्रम कानूनों ने गिग और प्लेटफॉर्म श्रमिकों को पहली बार औपचारिक पहचान दी है। उन्होंने कहा कि यह ऐतिहासिक कदम उन्हें सामाजिक सुरक्षा देकर उनका आर्थिक भविष्य सुरक्षित करने का प्रयास है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि महिला श्रम बल भागीदारी दर 2017—18 में 23 प्रतिशत से बढ़कर 2025 में 40 प्रतिशत हो गई है।

पंचायत चुनाव

प्रदेश में पंचायती राज चुनाव की आज घोषणा हो सकती है। राज्य चुनाव आयोग ने आज अब से कुछ देर बाद प्रैसवार्ता बुलाई है जिसमें इन चुनावों की तारीखों का ऐलान होगा। पंचायत चुनाव की घोषणा के साथ ही प्रदेश में आदर्श आचार संहित भी लागू हो जाएगी। हालांकि शहरी निकायों में पहले से ही आचार संहिता लागू है। प्रदेश की तीन हजार 7 सौ 58 ग्राम पंचायतों में चुनाव होने हैं और सुप्रीम कोर्ट ने 31 मई तक चुनाव करवाने के आदेश दिए हैं।

इस बीच प्रदेश के 51 शहरी निकायों में चुनाव के लिए कल 29 अप्रैल से नामांकन प्रक्रिया आरम्भ होगी। इन चुनावों के लिए 30 अप्रैल और 2 मई को भी नामांकन पत्र भरे जाएंगे। नामांकन पत्रों की छंटनी 4 मई को होगी जबकि 6 मई को नाम वापिस लिए जा सकते हैं। 51 शहरी निकायों में 4 नगर निगम सोलन, पालमपुर, मंडी व धर्मशाला और 25 नगर परिषद व 22 नगर पंचायतें शामिल हैं। इन शहरी निकायों में 17 मई को सुबह 7 बजे से दोपहर बाद 3 बजे तक मतदान होगा और नगर परिषद व नगर पंचायतों के मतों की गणना इसी दिन कर ली जाएगी, जबकि चारों नगर निगमों के मतों की गणना 31 मई को होगी।

सड़क निर्माण

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सोलन—शलुमना वाया बसाल सड़क मार्ग को पिछले एक वर्ष से चौड़ा करने का कार्य किया जा रहा है। स्थानीय निवासी व जिला शिकायत निवारण समिति के सदस्य विद्यादत्त ने बताया कि सड़क को चौड़ा करने का कार्य किया जा रहा है लेकिन सड़क की टारिंग एक दिन के बाद ही उखड़ने लगी है। उन्होंने सड़क के निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए सरकार से उचित जांच की मांग की है। लोगों का आरोप है कि सड़क निर्माण में अनियमितताएं बरती जा रही हैं और पुलियों व नालियों की कोई व्यवस्था नहीं की गई है।

———————————